BR>**Title:**Need to sanction Maisajhar and Arpa irrigation projects of Bilaspur district, Madhya Pradesh and release adequate funds for the purpose.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति जी, वर्ष १९९७-९८ में मध्य प्रदेश राज्य के बिलासपुर जिला में मैसाझार एवं अरपा परियोजना की सर्वे हो चुकी है जिसमें कर्मचारियों एवं कालोनियों का निर्माण भी हो गया है तथा प्राक्कलन तैयार स्वीकृति हेतु केन्द्र सरकार के पास विचाराधीन है। जिसकी अभी तक स्वीकृति नहीं की गई है। उक्त क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा नहीं है जिससे आये दिन अकाल पड़ता है। जिस कारण किसानों की फसल सूखकर बर्बाद हो जाती है। इससे किसानों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। खासकर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों की। इसके बावजूद सरकार द्वारा अभी तक ध्यान नहीं दिया गया जिससे लाखों किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिलासपुर जिले के मैसाझार एवं अरपा परियोजना को स्वीकृत कर निर्माण कार्य हेतु राशि उपलब्ध कराई जाये जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके।